क्विक हील की सीएसआर पहल, आरोग्य यान ने राजस्थान के सिरोही में 3 लाख लोगों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत

जयपुर (हुक्मनामा समाचार)। क्विक हील फाउंडेशन ने अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से राजस्थान के सिरोही में मूलभूत सुविधाओं से वंचित और आदिवासी समुदाय के लोगों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस मेडिकल वैन, आरोग्य यान प्रदान की। विनोद परसरामपुरिया सेवा फाउंडेशन के सहयोग में, यह वैन सिरोही स्वरूपगंज, नितोदा, रोहिडा और भुला में 3 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को अच्छी सेहत और बेहतर स्वास्थ्य का उपहार प्रदान करेंगी। इसमें क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले 7138 परिवार शामिल हैं। आरोग्य यान को सौंपने का समारोह क्विक हील फाउंडेशन की अध्यक्ष अनुपमा काटकर और संगठनमंत्री सेवा भारती-जोधपुर प्रांत स्वरूप दान की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों में वरिष्ठ कार्यक्रम प्रबंधक, क्विक हील फाउंडेशन अजय शिर्के, विभाग प्रचारक श्याम सिंह और सिरोही के चीफ मेडिकल हेल्थ ऑफिसर डॉ. राजेश कुमार शामिल थे। स्थानीय प्राइमरी स्वास्थ्य रक्षा केंद्रों पर कर्मचारियों की भारी कमी के चलते सिरोही जिले के कर्मचारियों को मूलभूत स्वास्थ्य रक्षा केंद्रों तक पहुंच बनाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परिवारों की कम आय के साथ जागरूकता और संसाधनों में कमी ने उन नागरिकों की तकलीफ और बढ़ा दी है, जो मुख्य रूप से उपेक्षित जनजातियों से आते हैं। आधुनिक सुविधाओं से पूरी तरह लैस मेडिकल वैन इलाके में रहने वाले लोगों के घरों की दहलीज पर स्वास्थ्य रक्षा की गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं प्रदान करेंगी, जिससे उनकी संपूर्ण सेहत बेहतर होगी। इस अवसर पर क्विक हील टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन की चेयरपर्सन और क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में चीफ - ऑपरेशनल एक्सिलेंस अनुपमा काटकर ने कहा, क्विक हील की सीएसआर पहल का मूलतत्व स्वास्थ्य रक्षा की सुविधाएं सुलभ कराकर उपेक्षित समुदायों को सशक्त बनाना है।